# लापरवाह हॉस्पिटल का लाइसेंस किया रद्द

## अनियमितताओं के खुलासे के बाद एफआईआर और गिरफ्तारी की मांग

**भोपाल, 21 नवंबर. देव मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में गंभीर अनियमितताओं के खुलासे के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है.**

शिकायतकर्ता रवि परमार द्वारा की गई शिकायत पर सीएमएचओ कार्यालय ने जांच कराई, जिसमें अस्पताल में न एमबीबीएस डॉक्टर मिला, न नर्सिंग स्टाफ मौजूद था और ओपीडी भी बंद पाई गई. रजिस्टर के अनुसार पिछले एक महीने में एक भी मरीज





फाइल फोटो

भर्ती नहीं पाया गया. सीएमएचओ की टीम ने 17 नवंबर को दोपहर 2 बजे अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि 16 अक्टूबर 2025 के बाद एक भी मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं हुआ, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अस्पताल लंबे समय से बंद जैसी स्थिति में था और मध्यप्रदेश उपचर्या-गृह नियम 1973 के नियमों का पालन नहीं कर रहा था. सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने अस्पताल का लाइसेंस तत्काल रद्द कर दिया और नोटिस अवधि भी नहीं दी, क्योंकि निरीक्षण के दौरान अस्पताल लगभग बंद मिला था. आदेश की प्रतियां अपर मुख्य सचिव, आयुक्त, कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर और डीसीपी सहित छह अधिकारियों को भेजी गई. इसके बावजूद अस्पताल संचालकों और जिम्मेदार डॉक्टरों पर एफआईआर या अन्य कानूनी कार्रवाई नहीं हुई.

**एनएसयूआई ने लगाया बड़े फर्जीवाड़े का आरोप:** एनएसयूआई ने आरोप लगाया है कि अस्पताल ने सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग किया, मरीजों के फर्जी दस्तावेज बनाए और प्रशासन को गलत जानकारी दी. एनएसयूआई उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि सिर्फ अस्पताल बंद कर देना पर्याप्त नहीं है. जब तक एफआईआर, गिरफ्तारी और आर्थिक वसूली नहीं होगी, यह कार्रवाई अधूरी है.

**फर्जीवाड़े की आशंका**

निरीक्षण दल ने पाया कि डॉ. नसीम खान अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टर नहीं थे, फिर भी उनके नाम पर मरीज आराम गुर्जर की प्री-एमएलसी तैयार की गई. इस आधार पर तैयार आरएसओ रिपोर्ट (एमएलसी नं. 030/032) को संदिग्ध मानते हुए जिला मेडिकल बोर्ड से अलग अभिमत मांगा गया है. यह पूरी प्रक्रिया गंभीर कानूनी उल्लंघन और संभावित फर्जीवाड़े की ओर इशारा करती है.

## सीएमई कार्यक्रमों पर रोक से आयुष चिकित्सक चिंतित

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल.** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग ने फिजिकल मोड में होने वाले सीएमई कार्यक्रमों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है. यह आदेश नई दिल्ली स्थित एनसीआईएसएम के बोर्ड ऑफ इथिक्स एंड रजिस्ट्रेशन के अध्यक्ष डॉ. एसएम कुदारी द्वारा जारी किया है. आयोग ने स्पष्ट किया कि आगामी आदेश तक किसी नए सीएमई प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा और क्रेडिट प्वाइंट्स आवंटन की प्रक्रिया भी स्थगित कर दी है. यह आदेश सभी राज्यों की काउंसिल्स को भेजा है.

# सड़क बनाने में लापरवाही पर ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 21 नवंबर. प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार की दिशा में तय कार्य योजना के तहत लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा सीहोर, कटनी, अशोकनगर, बड़वानी, मऊगंज, उज्जैन एवं दमोह जिलों में औचक निरीक्षण किए गए.**

निरीक्षण के बाद कटनी जिले के दो सड़क निर्माण कार्यों—भिलाई मोड़ से कटायेघाट झुरही तक मार्ग एवं कौड़िया बंधी धूरी खिरहनी पिपरिया मार्ग—बनाने में लापरवाही बरतने पर संबंधित ठेकेदारों मेसर्स सुबीर कुमार एवं मेसर्स अमित सिंह को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है, वहीं अशोकनगर जिले के शासकीय महाविद्यालय पिपरई के भवन निर्माण कार्य में अत्यधिक धीमी प्रगति पर कार्यपालन यंत्री एवं ठेकेदार मेसर्स सिद्धार्थ बिल्डर्स को नोटिस जारी किया गया है. इन निरीक्षणों में कुल 35 निर्माण कार्यों का रेंडम आधार पर चयन कर परीक्षण किया गया. निरीक्षण प्रतिवेदनों की समीक्षा के बाद सकारात्मक पक्ष में मऊगंज जिले के डूडा नाला (सेंगरी) पुल एवं दमोह जिले में हटा-फतेहपुर-बजाना-दर्गुवा मार्ग के उत्कृष्ट निर्माण कार्यों की सराहना की.

# आरजीपीवी के कुलगुरु का इस्तीफा मंजूर

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने किया आदेश जारी
- प्रो. एस सी चौबे को कार्यकारी कुलगुरु बनाया

**भोपाल, 21 नवंबर. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के कुलगुरु प्रो. राजीव त्रिपाठी का इस्तीफा राज्यपाल ने शुक्रवार को स्वीकार कर लिया.**

एक दिन पहले गुरुवार को ही प्रो. त्रिपाठी ने कैंपस में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के विरोध प्रदर्शन और घेराव के बाद शाम 6 बजे इस्तीफे की पेशकश की थी. वहीं, राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने इससे जुड़े आदेश जारी किए. जिसके अनुसार, नए कुलगुरु की नियुक्ति तक आरजीपीवी के इलेक्ट्रिकल विभाग के एचओडी प्रो. एस सी चौबे को कार्यकारी कुलगुरु बनाया गया है.

दरअसल, आरजीपीवी की नेक मूल्यांकन प्रक्रिया पर लगातार सवाल खड़े हो रहे थे. एबीवीपी ने भी कैंपस में विरोध प्रदर्शन के साथ राज्यपाल से लेकर उच्च शिक्षा मंत्री तक से कार्रवाई की मांग की थी. प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि यह अकादमिक भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण है.

एबीवीपी ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय नेक ++ ग्रेड हासिल करने के लिए एसएसआर रिपोर्ट में कई गलत और भ्रामक तथ्य प्रस्तुत किए हैं. एबीवीपी के कार्यकर्ता शिवम जाट ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा अपलोड की गई एसएसआर रिपोर्ट में 22 गंभीर अनियमितताएं हैं. यह एसएसआर रिपोर्ट नेक टीम आने से पहले सार्वजनिक की जानी थी, लेकिन इसे 17 नवंबर को अचानक अपलोड किया गया, जो प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाता है.

# जज के साथ हुई घटनाओं में कार्यवाही के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश

- सरकार से दिशा-निर्देश प्राप्त करने मिली मोहलत

**जबलपुर, 21 नवंबर. जजों की सुरक्षा संबंधित संज्ञान याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ को बताया गया कि हाल में जजों के साथ हुई ऐसी घटनाओं में उचित कार्यवाही के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये गये है.**

उपमहाधिक्ता ने सरकार से दिशा -निर्देश प्राप्त करने समय प्रदान करने का आग्रह किया. युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए अलगी सुनवाई 4 दिसम्बर को निर्धारित की है. गौरतलब है कि 23 जुलाई 2016 को मंदसौर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर न्यायाधीश राजवर्धन गुप्ता के साथ मारपीट की घटना हुई थी. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तत्कालीन रजिस्ट्रार जनरल मनोहर ममतानी ने घटना की जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की थी. इसी रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट ने न्यायाधीशों और उनके परिवारों की सुरक्षा को संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने के निर्देश जारी किए थे.

# हिंदू युवती से मिलने पहुंचे दानिश को पकड़ा

## हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने दी दबिश

**भोपाल, 21 नवंबर. अयोध्या नगर इलाके में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक फ्लैट पर दबिश देकर एक युवक को पकड़ा और उसे पुलिस के हवाले कर दिया.**

यह घटना सुबह करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है. संगठन का दावा है कि युवक लंबे समय से फर्जी पहचान बताकर हिंदू युवतियों से संपर्क कर रहा था. सूत्रों के अनुसार, संगठन के कार्यकर्ताओं को दानिश खान नाम के युवक पर संदेह था कि वह युवतियों को प्रेम जाल में फंसाने के उद्देश्य से हिंदू नाम का इस्तेमाल कर रहा है. शुक्रवार सुबह जानकारी मिली कि वह अयोध्या नगर में रहने वाली एक नर्सिंग छात्रा से मिलने उसके फ्लैट जा रहा है. इसी सूचना के आधार पर संगठन की टीम मौके पर पहुंची और फ्लैट में दबिश दी.

फ्लैट में कुल तीन युवतियां मौजूद थीं. इनमें से एक युवती के साथ दानिश खान भी मौजूद मिला. आरोप है कि संगठन के लोगों को देखते ही दानिश ने खुद को दीपक यादव बताकर गुमराह करने की कोशिश की. हालांकि, बाद में पुलिस के पहुंचने पर उसके दस्तावेज चेक किए गए, जिनसे उसकी असली पहचान दानिश खान के रूप में सामने आई है.

**मामले की जांच की जा रही है:** पुलिस ने बताया कि फिलहाल मामले की विस्तृत जांच की जा रही है. युवती का बयान लिया जाएगा और यह भी जांच जाएगा कि युवक ने किसी तरह का धोखाधड़ीपूर्ण व्यवहार किया है या नहीं. पुलिस ने स्पष्ट किया कि जांच के बाद ही किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.



# 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश अग्रसर

**मंत्री काश्यप ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में कहा**

**भोपाल, 21 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अग्रसर है.**

सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम मध्यम उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप ने 44वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस के अवसर पर यह बाते कहीं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 18 नई नीतियां बनाई है, जो निवेश मित्र है और निवेशकों को आकर्षित करती हैं. मंत्री काश्यप ने मध्यप्रदेश मंडप का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर मंडप का भ्रमण किया. इस अवसर पर मंदसौर की सांसद सुधीर गुप्ता, और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे. अभ्युदय मध्यप्रदेश के दर्शन प्रगति मैदान दिल्ली में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में किए जा सकते हैं. एक भारत-श्रेष्ठ भारत थीम पर 27 नवंबर तक चलने वाले मेला में मध्यप्रदेश की विरासत से विकास की अद्भुत झांकी, एक जिला-एक उत्पाद और परम्परागत कलाकृतियों आगंतुकों को आकर्षित कर रही है.

**मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रदेश**

मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रदेश है. यहां कि ऐतिहासिक धरोहर, प्रचुर प्राकृतिक संसाधन, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल, लोक परम्पराओं की समृद्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प एक भारत-श्रेष्ठ भारत को न केवल पूरी कर रही है अपितु विश्व पर्यटन मानचित्र पर इसे अग्रणी स्थान दिला रही है. अमेरिका से प्रकाशित एक प्रतिष्ठित पत्रिका ने विगत वर्ष मध्यप्रदेश को दुनिया के टॉप 10 टूरिज्म डेस्टिनेशन में शामिल किया जो गौरव का विषय है. इस सन्दर्भ का उल्लेख प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 25 दिसम्बर को खजुराहो में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई की जयंती कार्यक्रम में किया गया था. 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश मण्डप ग्वालियर किला के रूप में तैयार किया गया है. मण्डप के केन्द्र में 64 योगिनी मन्दिर मुरैना के दर्शन होते है.

## कोटा में नौंवी मंजिल से गिरकर भोपाल के छात्र की मौत

**भोपाल.** राजस्थान के कोटा में एक बहुमंजिला इमारत की नौंवी मंजिल से गिरने के कारण एक कोचिंग छात्र की मौत हो गई. मृतक की 18 वर्षीय ईशान पालीवाल के रूप में हुई है. वह कोटा में पिछले दो साल से किराए के फ्लैट में रहकर जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था. पुलिस ने बताया कि ईशान मां तारा के साथ दो साल से स्थानीय रायल इंपीरिया में रहता था. शुक्रवार को नौंवी मंजिल से गिरने से ईशान के सिर में चोट लगी. उसे निजी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया.

# 'नैनसुख' मोनोग्राफ को मिला पहला पुरस्कार





**भोपाल, 21 नवंबर. टैगोर कला केंद्र, टैगोर स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एवं परफ़ॉर्मिंग आर्ट्स, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित मोनोग्राफ 'नैनसुख' को फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स, नई दिल्ली ने प्रतिष्ठित कॉफी टेबल बुक श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया है.**


यह महत्वपूर्ण ग्रंथ टैगोर सीरीज़ मोनोग्राफ के अंतर्गत प्रकाशित एक उल्लेखनीय कृति है. इस श्रृंखला में अब तक देश के प्रख्यात चित्रकारों ए. रामचन्द्रन, अफ़ज़ल, बीरेश्वर भट्टाचार्य, सुधीर पटवर्धन तथा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर पर केंद्रित मोनोग्राफ का भी प्रकाशन किया जा चुका है. इस पूरी श्रृंखला का संयोजन वरिष्ठ चित्रकार एवं कला समीक्षक अशोक भौमिक द्वारा किया गया है. इस अवसर पर पुरस्कार टैगोर स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एवं परफ़ॉर्मिंग आर्ट्स के विभागाध्यक्ष डॉ. अर्जुन कुमार सिंह ने ग्रहण किया. डॉ. नर्मदा प्रसाद उपाध्याय द्वारा रचित यह मोनोग्राफ विख्यात कला इतिहासकार डॉ. बी. एन. गोस्वामी के अनुसंधान को आगे बढ़ाता है.

# आग लगते ही मॉल में मची अफरा-तफरी

**एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

**भोपाल, 21 नवंबर. कोलार रोड स्थित कजलीखेड़ा में शुक्रवार दोपहर को मॉल में भीषण आग लग गई. आग लगते ही मॉल में अफरा-तफरी मच गई और शॉपिंग करने आए लोग घबराकर बाहर भागने लगे.**

सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया.घटना कोलार रोड स्थित शॉपिंग मॉल की है. बताया जा रहा है कि मॉल के सेकंड फ्लोर पर स्थित ब्यूटी पार्लर को दोपहर में जैसे ही खोला गया. अंदर से धुआं और चिंगारियां उठने लगीं.



कुछ ही मिनटों में तेज धमाके के साथ आग फैल गई और पार्लर का फर्नीचर, सोफा, एसी, कुर्सियां और पर्दे जलकर राख हो गए. लपटें बढ़ते-बढ़ते पास के एक जिम तक पहुंच गईं, जहां भी नुकसान होने की जानकारी मिली है. आग लगते ही मॉल में मौजूद महिलाएं और बच्चे घबराकर इधर-उधर दौड़ने लगे. कई मिनटों तक वहां भगदड़ और हड़कंप की स्थिति बनी रही. इसी दौरान आसपास के दुकानदार भी पानी और अग्निशमन उपकरण लेकर आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तब तक काफी सामान जल चुका था. फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि आग कुछ और देर तक भड़कती रहती, तो मॉल की 50-60 दुकानों तक नुकसान पहुंच सकता था. शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना गया है.

## डॉक्टर पर रेप का मामला दर्ज, नर्स ने लगाए आरोप

**भोपाल.** राजधानी में एक नर्स ने एक डॉक्टर पर रेप का आरोप लगाया है. शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी डॉक्टर पर केस दर्ज कर लिया है. शाहजहांनाबाद स्थित एक नर्सिंग होम में काम करने वाली 25 वर्षीय युवती ने शिकायत की. उसने बताया कि जूनियर डॉक्टर ने शादी का झांसा देकर लगातार 10 महीनों तक शारीरिक शोषण किया. पुलिस के अनुसार, पीड़िता बैरसिया क्षेत्र की रहने वाली है और भोपाल के शाहजहांनाबाद इलाके के एक नर्सिंग होम में नर्सिंग स्टाफ के रूप में कार्यरत थी. इसी दौरान उसकी पहचान वहां काम करने वाले जूनियर डॉक्टर अजय विश्वकर्मा से हुई. करीब दस महीनों तक दोनों के बीच संपर्क बना रहा.

**एक नजर में**



## यूनिफॉर्म से अलग गर्म कपड़े पहनने की अनुमति

**भोपाल, 21 नवंबर.** सर्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए विद्यालयों में विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म संबंधी प्रोटोकॉल में लचीलापन देने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं. प्रदेश के सभी सरकारी और अशासकीय स्कूलों के साथ जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षण संस्थानों को चेताया गया है कि ठंड के दिनों में निर्धारित यूनिफॉर्म से अलग रंग या डिजाइन का गर्म कपड़ा पहनकर आने पर किसी भी छात्र को कक्षा में प्रवेश से न रोका जाए. विभाग का कहना है कि सर्दी के मौसम में बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है और उन्हें गर्म कपड़े पहनने की अनुमति देना आवश्यक है. इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी किया है. हाल में ऐसे प्रकरण सामने आए थे, जहां स्वेटर या गरम कपड़ों के रंग और डिजाइन के कारण विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर कर दिया गया. इन बातों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने इसे अनुचित मानते हुए स्पष्ट किया है कि मौसम को ध्यान में रखते हुए स्कूल प्रशासन बच्चों को किसी भी स्थिति में पढ़ाई से वंचित न करे. यदि विद्यार्थी निर्धारित यूनिफॉर्म का पालन न भी कर पाएं तो भी उन्हें कक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जाए. इसके साथ ही विभाग ने एक और महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है. कुछ स्कूलों में बच्चों को जूते चप्पल कक्षा के बाहर उतारने के लिए बाध्य किया जा रहा था. जिससे ठंड के कारण उनके बीमार पड़ने की आशंका बढ़ जाती है. विभाग ने इसे तुरंत रोकने के लिए कहा है. सभी विद्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुरक्षित वातावरण में अपनी पढ़ाई जारी रख सकें.

## धारा 126 के केसों में छूट प्राप्त करने का मौका

**भोपाल, 21 नवंबर.** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के उपभोक्ताओं के लिए धारा 126 में लंबित प्रकरणों में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराया है. इसके लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है. आवेदन 01 दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक लिए जाएंगे. ऑनलाइन आवेदन के लिए उपभोक्ता कंपनी पोर्टल पर जाकर प्रदर्शित क्वीक लिंक टैब में Rebate As lokadalat in section 126 पर क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत करना होगा. कंपनी के portal.mpcz.in पोर्टल पर कंज्यूमर आईडी की प्रविष्टि करते ही उपभोक्ता को धारा-126 में दर्ज लंबित प्रकरण प्रदर्शित होगा. उपभोक्ता को लोक अदालत की तर्ज पर धारा-126 में छूट प्राप्त किए जाने के लिए उपभोक्ता के परिसर या अन्य परिसर पर संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि नहीं है तथा विचाराधीन प्रकरण पर धारा 127 के अंतर्गत गठित अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष कोई अपील लंबित नहीं है न ही निर्णित है सत्यापित कर सबमिट करना होगा. इसके बाद उपभोक्ता ऑनलाइन भुगतान का विकल्प चयन कर भुगतान कर सकते हैं. इसी प्रकार ऑफलाइन आवेदन के लिए उपभोक्ताओं के लिए नजदीकी विद्युत वितरण केन्द्र/जोन पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने की सुविधा भी उपलब्ध है.

## कंपनी को 1.86 करोड़ क्षतिपूर्ति देने के आदेश

**भोपाल, 21 नवंबर.** मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने एक महत्वपूर्ण फैसले में वाहन की टक्कर से हुई मौत के मामले में पीड़ित परिवार को 1,86,48000 रुपये ब्याज सहित क्षतिपूर्ति राशि देने के आदेश बीमा कंपनी को दिए हैं. पीड़ित परिवार की ओर से पैरवी एडवोकेट आलोक शर्मा ने की. उन्होंने बताया 7 नवंबर 2021 को मोटर साइकिल सवार दीपक कुमार की वाहन क्रमांक आरजे 19 जेई 5660 की टक्कर से मृत्यु हो गई थी. इस मामले में मृतक दीपक कुमार की पत्नी तेजस्विता शुक्ला ने मोटर दुर्घटना अधिनियम, 1988 की धारा 166 के तहत क्षतिपूर्ति का दावा किया था. न्यायालय ने मामले के तथ्यों, साक्ष्यों और प्रस्तुत तर्कों पर विचार करने के बाद पाया कि दुर्घटना वाहन चालक की घोर लापरवाही के कारण हुई थी. इस मामले में न्यायाधिकरण ने मृतक के परिवार को 1,86,48000 की कुल क्षतिपूर्ति राशि ब्याज सहित दिए जाने का आदेश बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को दिया है.

**आयोजन** कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में होगा कार्यक्रम, कई राष्ट्रीय विशेषज्ञ होंगे शामिल

# CDEE & CC CON 2025 का शुभारंभ आज

**भोपाल, 21 नवंबर. CDEE & CC CON-2025 का उद्घाटन समारोह शनिवार को दोपहर 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे हॉल इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, जहांगीराबाद में आयोजित किया जाएगा.**

आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में चिकित्सा और हृदय रोग विशेषज्ञता के क्षेत्र से जुड़े कई राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज शामिल होंगे. कार्यक्रपम के मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता



प्रसिद्ध इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और पद्म भूषण सम्मानित डॉ. एबी मेहता करेंगे।

इसके अलावा कार्यक्रम में अतिथि विशेष के रूप में RSSDI के नेशनल प्रेसिडेंट इलेक्ट और वरिष्ठ डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. सुनील गुप्ता तथा वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. दोरैराज प्रभाकरन भी उपस्थित रहेंगे. सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. पीसी मनोरिया और आयोजन सचिव डॉ. पंकज मनोरिया ने बताया कि यह कार्यक्रम हृदय रोग, मधुमेह और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर महत्वपूर्ण चर्चाओं का मंच बनेगा.

**बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का समापन आज**

भोपाल में 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 का समापन समारोह 22 नवंबरस, शनिवार को दोपहर 12 बजे सहकारिता खेल, युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग की उपस्थिति में क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान श्यामला हिल्स में होगा. समापन समारोह में महापौर नगर पालिका निगम मालती राय भी उपस्थित रहेंगी. समापन समारोह में केन्द्रीय सचिव स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग संजय कुमार एवं निदेशक राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान गांधी नगर गुजरात डॉ. अरविंद सी. रानाडे भी मौजूद रहेंगे.

# मॉडल खुशबू को न्याय दिलाने की मांग को लेकर दिया धरना



**भोपाल, 21 नवंबर.** मॉडल खुशबू अहिरवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकरभोपाल कलेक्टोरेट के बाहर शुक्रवार को सकल हिंदू समाज ने धरना दिया. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि खुशबू की मौत के मामले में उच्च स्तरीय जांच हो. साथ ही परिवार को सुरक्षा दी जाए.संत शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ मध्यप्रदेश एवं सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में बड़ी संख्या में लोग कलेक्टोरेट के बाहर जुटे. फिर धरना प्रदर्शन किया. महापीठ के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) सूरज केरो के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया.